राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नार्कोटिक्स अकादमी
भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग
नासिन कॉम्पलैक्स, सैक्टर–29, फरीदाबाद–121008
NATIONAL ACADEMY OF CUSTOMS, INDIRECT TAXES & NARCOTICS
Government of India, Ministry of Finance, Department of Revenue
NACIN Complex, Sector-29, Faridabad-121008
फोन /Telephone : 0129-2504652-54
फैक्स / Fax : 0129-2504632

(ई-मेल के माध्यम से भेजे)

फा.सं. II(११)९७/२०१९/नासिन /6828 से 7057 दिनांक :26.१२.२०१९ 27

महोदया/महोदय,

विषयः नासिन, फरीदाबाद में दिनांक २३ एवं २४ जनवरी, २०२० को सीबीआईसी के समूह 'क' एवं 'ख' अधिकारियों के लिए "जीएसटी में लेखा परीक्षा" विषय पर दो दिन का प्रशिक्षण - से संबंधित।

राष्ट्रीय सीमाशुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नारकोटिस, फरीदाबाद द्वारा दिनांक २३ एवं २४ जनवरी, २०२० को सीबीआईसी के समूह 'क' एवं 'ख' अधिकारियों के लिए "जीएसटी में लेखा परीक्षा" विषय पर दो दिन का प्रशिक्षण विषय पर नासिन, फरीदाबाद में दो दिन का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।

2. इसलिए, अनुरोध किया जाता है कि उपरोक्त प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए सीबीआईसी के उपयुक्त समूह 'क' एवं समूह 'ख' अधिकारियों को नामित किया जा सकता है।

3. नामांकन सकारात्मक रूप से केवल ईमेल के माध्यम से ई-मेल nacengst@gmail.com पर सुश्री मोनिका यादव, उप-निदेशक, नासिन, फरीदाबाद को भेजें। नामित अधिकारियों के दूरभाष/मोबाई संख्या, ई-मेल का पता (बड़े अक्षरों में) के साथ-साथ नामित अधिकारी के कर्मचारी आईडी भी नामांकन पत्र में इंगित करें ताकि सीबीआईसी अधिकारियों के प्रशिक्षण डेटा बेस का सृजन करने और उनके पत्राचार में आसानी हो सके।

4. आगे, आपसे यह भी अनुरोध किया जाता है कि नामांकन की हॉर्ड कॉपी या डाक के माध्यम से न भेजी जाये ताकि कागज की बर्बादी से बचा जा सके।

5. कृपया यह सुनिश्चित किया जाये कि अधिकारी का नाम एक बार प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में भाग लेना के लिए नामांकित किया जाता है तो अंतिम समय में नामांकन रद्द/वापस नहीं किया जायेगा। परिणामस्वरूप, इससे प्रशासनिक एंव वित्तीय मामले जुड़े होते हैं।

6. यह भी ध्यानाकर्षित किया जाता है कि जो भी प्रतिभागी परिसर में रहना चाहते हैं उनके लिए सीमित छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है। प्रतिभागियों के लिए छात्रावास और मेस शुल्क (सभी

Scanned by CamScanner

समावेश) प्रतिदिन लगभग रूपये ४००/- होंगे। इसमें कमरे का किराया रूपये १००/-, नाश्ता+बेड टी रूपये १००/- और डिनर के लिए रूपये २००/- है। लंच और चाय/नाश्ते के लिए रुपये २५०/- प्रति दिन (दिन में दो बार) सभी प्रतिभागियों द्वारा पंजीकरण के समय अलग से भुगतान किया जायेगा। परिसर छात्रावास में रहने का अनुरोध सीधेतौर पर संयुक्त निदेशक (प्रशासन), नासिन को ई-मेल आईडी nacengangotri@gmail.com पर भेजा जा सकता है।

7. यदि प्रतिभागी किसी नजदीकी होटल में रहने के इच्छुक हैं, तो वे होटल के विवरण के लिए ई-मेल आईडी nacengangotri@gmail.com पर अपना अनुरोध भेज सकते हैं, जिसकी बुकिंग सीधेतौरपर प्रतिभागियों द्वारा की जाएगी।

8. प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में भाग लेने के लिए नामांकित अधिकारियों को सकारात्मक रूप से दिनांक २३.०१.२०२० को ९.३० बजे सेक्टर २९, फरीदाबाद, पुलिस लाईन के करीब, अकादमी, सेक्टर २९, फरीदाबाद में रिपोर्ट करने के लिए निर्देशित किया जाता है। वॉयलेट लाईन पर सैक्टर-२८, फरीदाबाद मैट्रो का नजदीकी स्टेशन है। जैसाकि विदाई समारोह दिनांक २४.०१.२०२० को सांय ६.०० बजे तक जारी रह सकता है, इसलिए अधिकारियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी वापसी की यात्रा को योजनाबद्ध तरीके से करें।

भवदीय,

राजेश 26/12/19

(राजेश कुमार)
संयुक्त निदेशक

प्रति:-

१. सभी प्रधान मुख्य आयुक्त / मुख्य आयुक्त, (सीमा शुल्क)
२. सभी प्रधान मुख्य आयुक्त / मुख्य आयुक्त, (सीजीएसटी & केन्द्रीय उत्पाद शुल्क)
३. सभी प्रधान महानिदेशक / महानिदेशक (सीबीआईसी के अंतर्गत सभी महानिदेशालय)
४. मुख्य विभागीय प्रतिनिधि, CESTAT, नईदिल्ली
५. सभी प्रधान आयुक्त / आयुक्त, (सीमा शुल्क)
६. सभी प्रधान आयुक्त / आयुक्त, (सीजीएसटी & केन्द्रीय उत्पाद शुल्क)
७. सभी प्रधान आयुक्त / आयुक्त, (लेखा परीक्षा आयुक्तालय)
८. सीबीआईसी & नासीन वैबसाइट

राजेश 26/12/19

(राजेश कुमार)
संयुक्त निदेशक

Scanned by CamScanner